सभी के लिए स्वच्छता

इस अधिकार को एक वास्तविकता बनाना

स्वच्छता अच्छे स्वास्थ्य के लिए अत्यावश्यक है

वैश्विक स्तर पर, हमारे मल के संपर्क में आने के कारण होने वाली बीमारियाँ हमें बीमार बना रही हैं। डायरिया (दस्त लगना) न केवल खराब सफाई और स्वच्छता का स्वास्थ्य पर पड़ने वाला इकलौता प्रभाव है बल्कि - हैजा, पेचिश, कीड़े, ट्रेकोमा, निमोनिया और कुपोषण, कुष्ठ और रोग भी, बेहतर स्वच्छता और सफाई के माध्यम से कम किये जा सकते हैं।

दक्षिणी एशिया में, 5 साल की उम्र से कम लगभग 3,00,000 बच्चे हर साल डायरिया (दस्त लगने) संबंधी बीमारियों से मर जाते हैं।1 डायरिया (दस्त लगने) होने का कारण हमारे मल में मौजूद रोगाणुओं के हमारे पेट में पहुंचना है। यह तब होता है जब हम लैट्रीन या शौचालय का प्रयोग करने के बाद, या खाना बनाने और खाने से पहले अपने हाथ नहीं धोते हैं। रोगाणु भोजन, पानी, मिट्टी, जानवरों और मक्खियों द्वारा भी संचारित हो सकते हैं।

डायरिया (दस्त लगना), जो विकासशील देशों में 5 साल की उम्र से कम के बच्चों की मौत का दूसरा अग्रणी कारक है, मुख्य तौर पर खराब स्वच्छता और सफाई के कारण होता है।[1]

सही स्वच्छता और बेहतर तरीके से सफाई इन बीमारियों के फैलाव को रोकने में बाधाएँ उत्पन्न कर सकती हैं। खुले में शौच और अपर्याप्त स्वच्छता एक ऐसे स्रोत का निर्माण करती है जिससे संक्रामक रोगों का प्रसार हो सकता है, और पूरे समाज को जोखिम हो सकता है।

डायरिया (दस्त लगना) दुनिया भर में, इसके कारण होने वाली मौतों की संख्या को कम करने के लिए गहन अंतर्राष्ट्रीय प्रयासों के बावजूद 5 साल से कम के बच्चों की मौत का दूसरा सबसे बड़ा कारण है।[2] ओरल रिहाइड्रेशन चिकित्सा (ORT) ने पिछले 20 वर्षों के दौरान तीव्र पानी जैसे दस्त लगने की वैश्विक संख्या को आधे से भी कम कर दिया है। बाकी की मौतें लगातार और खूनी दस्त लगने की वजह से बढ़ रही हैं, जो कि ORT पर प्रतिक्रिया नहीं करता है। इनके लिए, सबसे अच्छी रोकथाम - सफाई और स्वच्छता के माध्यम से प्रसार है।

डायरिया (दस्त लगना) कुपोषण से नजदीकी से जुड़ा है, एक ऐसी स्थिति जो 5 साल की उम्र से कम के बच्चों की कुल मौतों के एक तिहाई से अधिक से संबंधित है।[3] डायरिया (दस्त लगना) और रोगाणु से होने वाले संक्रमण के बार-बार होने से पोषक तत्वों का अवशोषण कम हो जाता है। यह कुपोषण में योगदान देता है, और इस तरह खराब स्वास्थ्य का चक्र जारी रहता है। उदाहरण के लिए, कुपोषण से बच्चों की प्रतिरक्षा प्रणाली कमजोर होती है और उन्हें निमोनिया के होने का अधिक खतरा रहता है, जो 5 साल की उम्र से कम के बच्चों को किसी भी अन्य बीमारी से अधिक मारता है।[4] यह श्रृंखला दर्शाती है कि सफाई और स्वच्छता बच्चे के जीवित रहने और सम्पूर्ण आबादी के स्वास्थ्य के लिए मौलिक तत्व हैं। खुले में शौच करने को समाप्त करना इस श्रृंखला को तोड़ने की ओर पहला कदम है।

हैजा पर नियंत्रण कई एशियाई देशों में, साथ ही अफ्रीका में भी एक प्रमुख समस्या है। 2004-2008 तक, विश्व स्वास्थ्य संगठन को 8,30,000 से भी अधिक मामलों की सूचना प्राप्त हुई है, जो सबसे हाल ही में पांच साल की अवधि के लिए दर्ज मामलों में 24 प्रतिशत वृद्धि को दर्शाता है। मानव मल के स्वच्छ निपटान के साथ उचित व्यक्तिगत और खाद्य स्वच्छता, हैजा के प्रसार को रोकने के लिए एक प्रभावी रुकावट डालता है।

विकासशील देशों में पेट के कीड़े एक अनुमान के अनुसार 400 मिलियन स्कूल जाने वाले आयु वर्ग के बच्चों को प्रभावित करते हैं।[5] कीड़े तब फैलते है जब बच्चे अनजाने में मानव मल या मल से दूषित भोजन को खा लेते हैं। यह मुख्य रूप से तब होता है जब उचित लैट्रीन या शौचालय और हाथ धोने की सुविधाओं की कमी होती है। पुराना हुकवर्म संक्रमण घटे हुए शारीरिक विकास और बिगड़े हुए बौद्धिक विकास से संबंधित हैं। कीड़ों का बच्चे की सीखने की क्षमता पर काफी प्रभाव पड़ता है। गंभीर विपवोर्म संक्रमण से पीड़ित बच्चे अपने कीड़ों से मुक्त दोस्तों की तुलना में दुगुना स्कूल से अनुपस्थित रहते हैं।[6]

1 संयुक्त राष्ट्र बाल कोष, निमोनिया और डायरिया: दुनिया के सबसे गरीब बच्चों के लिए घातक रोगों से निपटना, UNICEF, न्यूयॉर्क, 2012, पृष्ठ 16.
2 विश्व स्वास्थ्य संगठन, 'डायरिया संबंधी बीमारी', www.who.int/mediacentre/factsheets/fs330/en/index.html, 17 जुलाई 2012.
3 विश्व स्वास्थ्य संगठन, 'बच्चे: मृत्यु दर को कम करना', www.who.int/mediacentre/factsheets/fs178/en/index.html, accessed 17 जुलाई 2012.
4 संयुक्त राष्ट्र बाल कोष, *निमोनिया और डायरिया: दुनिया के सबसे गरीब बच्चों के लिए घातक रोगों से निपटना*, UNICEF, न्यूयॉर्क, 2012, पृष्ठ 7.
5 संयुक्त राष्ट्र बाल कोष, 'जल, स्वच्छता और सफाई', www.unicef.org/media/media_45481.html, accessed 17 जुलाई 2012.

ट्रेकोमा दुनिया भर में होता है, अधिकतर विकासशील देशों के गरीब ग्रामीण समुदायों में सबसे अधिक बार होता है। लगभग 6 मिलियन लोग ट्रेकोमा के कारण अंधे हैं, और 150 मिलियन से अधिक लोगों को इलाज की जरूरत है।[7] सरल रोकथाम में स्वच्छता में सुधार और बच्चों को साफ पानी से अपने चेहरे को धोने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल हैं।

पोलियो भी एक और मल के कारण होने वाली बीमारी है; सदियों से हमारे पास बचाव की एकमात्र श्रृंखला स्वच्छता में सुधार करना था। 1950 के दशक में प्रभावी टीके के विकास के बाद से, पोलियो को नियंत्रित करने में स्वच्छता के महत्व को अक्सर भूल जाता रहा है।

अच्छी स्वच्छता और सफाई बीमारियों को फैलने से रोकती है

राउंडवार्म, विपवार्म और हुकवार्म मामलों का सौ प्रतिशत अस्वच्छ पानी, स्वच्छता और सफाई से संबंधित है।[8] मानवीय मल का निपटान डायरिया (दस्त लगना) के कारण होने वाली बीमारी को कम कर सकता है। जब इसे हाथ धोने से जोड़ दिया जाए तो यह प्रभाव दुगुना हो सकता है।

हालांकि जब यह काफी बड़े क्षेत्र में फैला हुआ होता है तो मल का निपटान करना बहुत मुश्किल हो जाता है, और जंगल में हाथ धोना भी और मुश्किल बन जाता है। स्वच्छता में सुधार के बच्चों के जीवन को बचाता है और उनके स्वास्थ्य, वृद्धि और विकास में सुधार लाता है। डायरिया (दस्त लगना) की दरों को कम करने के अलावा, मल मूत्र निपटान में सुधार और हाथ धोना परजीवी के संक्रमण, कृमि से होने वाले संक्रमण और ट्रेकोमा को कम करता है।

क्या होता है जब हम खुले में शौच को रोक देते हैं और स्वच्छता में सुधार लाते हैं?

- मृत्यु दर में कमी (मृत्यु की दर) डायरिया (दस्त लगने) के कारण - बेहतर स्वच्छता के माध्यम से एक 34 प्रतिशत कमी, जो दुगुनी की जा सकती है यदि साबुन के साथ हाथ धोए जाएँ।[9]
- बेहतर पोषण, डायरिया (दस्त लगना) और अन्य जीवन के लिए खतरनाक बीमारियों में कमी करने से बच्चों को विकसित न होने देने की दर में कमी और उनकी लंबाई में बढ़ोतरी होगी।
- बेहतर शिक्षा और प्रतिधारण स्कूल के बच्चों के बीच कीड़े और अन्य स्वच्छता से संबंधित बीमारियों में कमी के कारण।

कार्यवाही करें!

अपनी स्वयं की स्वच्छता ड्राइव को उत्साह से शुरू करके 2015 के अभियान में स्वच्छता के लिए कार्रवाई करें!

छोटी या बड़ी - सभी के लिए स्वच्छता! अधिक जानकारी के लिए www.sanitationdrive2015.org पर जाएँ।

6 WHO 2005, 'परजीवी नियंत्रण के लिए भागीदारों की तीसरी वैश्विक बैठक की रिपोर्ट: स्वास्थ्य और विकास के लिए कीड़ों से मुक्ति', जिनेवा 2005, पृष्ठ 15
7 विश्व स्वास्थ्य संगठन, 'जल संबंधित रोग: ट्रेकोमा', www.who.int/water_sanitation_health/diseases/trachoma/en, accessed 17 जुलाई 2012.
8 बेथोनी, ज़ैफरी एवं अन्य, 'मिट्टी संचारित कृमि संक्रमण: एस्कारियासिस, ट्राईचुरियासिस और हुकवार्म', *दी लेंसेट, वॉल्यूम* 367, न. 9521, 6 मई 2006, pp. 1521–1532.
9 CHERG 2010. सैंडी केयरक्रास, कैरोलीन हंट, सोफी बोयसन, क्रिस्टॉफ बोस्टोन, वैल कर्टिस, इसहाक सीएच फंग, और वुल्फ पीटर श्मिट डायरिया की रोकथाम के लिए जल, स्वच्छता और सफाई.Int. J. Epidemiol. 2010 39: i193-i205.

UN WATER

हमारे बारे में: 2015 की स्वच्छता ड्राइव संयुक्त राष्ट्र के संकल्प पर निर्मित है जिसे 2010 में सभी सदस्य राज्यों ने समर्थन दिया था - जो बुनियादी स्वच्छता तक स्थायी उपयोग के बिना रहने वाले लोगों की संख्या को आधा करने के लिए MDG के लक्ष्य को पूरा करने के प्रयासों को दुगुना करने की मांग कर रही है। यूएन-पानी, जिसमें 30 संयुक्त राष्ट्र संस्थाएँ और 22 भागीदार शामिल हैं, इस काम को समन्वयित कर रहा है। विश्व भर में नागरिक समाज समूहों ने अपने समर्थन देने का वादा किया है।